प्रेस नोट **20/01/2025**

01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–

आज दिनांक 20.01.2025 को थाना सरायलखन्सी पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर बढुआगोदाम के पास से मु0अ0सं0 06/25 धारा 376(2)एन में वांछित अभियुक्त सत्यम गोड़ पुत्र शिवचन्द गोड़ निवासी गयी चवर थाना मरदह जनपद गाजीपुर को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

फ्रॉडर द्वारा वाट्सअप कॉल कर वादी की पत्नी से फोन में फर्जी एप डाउनलोड करा कर निकाले गये कुल धनराशि 76,000 रुपये थाना दोहरीघाट साइबर पुलिस टीम द्वारा वापस कराया गया–

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साइबर अपराध के माध्यम से आंनलाइन ठगी गयी धनराशि वापस दिलाने व साइबर अपराध पर प्रभावी कार्यवाही के परिप्रेक्ष्य में थाना दोहरीघाट साइबर पुलिस टीम द्वारा सार्थक प्रयास करते हुए फ्रॉडर द्वारा वाट्सअप कॉल कर वादी की पत्नी से फोन में फर्जी एप डाउनलोड करा कर निकाले गये, पीडित सचिन पटेल निवासी सुरजपुर थाना दोहरीघाट जनपद मऊ के कुल धनराशि 76,000 रुपये की सम्पूर्ण धनराशि अथक परिश्रम कर उनके खाते में वापस कराया गया। आवेदक द्वारा उच्चाधिकारियों व थाना दोहरीघाट के अधिकारी/कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। साइबर अपराध किसी के साथ और किसी भी प्रकार से घटित हो सकता है। बस जागरुक रहकर ही साइबर से बचा जा सकता है।

बरामदकर्ता पुलिस टीम–

प्रभारी निरीक्षक श्री प्रमेन्द्र कुमार सिंह थाना दोहरीघाट, क0आ0 सुनील कुमार, म0आ0 प्रज्ञा शुक्ला, का0 अमित मिश्रा थाना दोहरीघाट जनपद मऊ।